फतेहगढ़ पुलिस

तीन युवकों को चोरी के सामान के साथ पकड़ा

अमृतपुर। थाना पुलिस ने तीन युवकों को चोरी के सामान के साथ पकड़ लिया। पुलिस इनसे जानकारी कर रही है। थाने के इंस्पेक्टर ने बताया कि जो तीन चोर पकड़े गये हैं उनके पास से घंटे, सांकर, लोहा काटने की आरी के अलावा एक ई रिक्शा बरामद हुआ है। पकड़े गये इन युवकों से पूछताछ की जा रही है जिससे कि अन्य घटनाओं का खुलासा हो सके।

मीडिया सेल

फतेहगढ़

पुलिस

रक्तदान कर 20 लोग बने महादानी

अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित शिविर का डीएम व एसपी ने किया शुभारंभ

डॉ. अनुराग शाक्य को प्रमाणपत्र देते डॉ. किरीटी कनौजिया। संवाद

कमांडेंट को प्रमाणपत्र देते डीएम संजय कुमार, एसपी अशोक कुमार। संवाद

अंकित माथुर, उपेंद्र पाल। संवाद

पुष्पा देवी, अंकित बाजपेई। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

फर्रुखाबाद। डॉ. राममनोहर लोहिया पुरुष अस्पताल को ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का डीएम संजय कुमार सिंह और एसपी अशोक कुमार मीणा ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र सौंपे। कहा कि एक यूनिट रक्त किसी का जीवन बचा सकता है। इसीलिए रक्तदान महादान को लेकर है।

हदीश कटियार, अनिल पाल। संवाद

शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान किया। विश्व रक्तदान दिवस पर अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से लगे शिविर में सबसे पहले जिला होमगार्ड कमांडेंट डीएम सिंह ने रक्तदान किया।

उन्हें मुख्य अतिथि डीएम व एसपी ने प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

दानिश शर्मा, संजीव शुक्ला। संवाद

डीएम ने कहा कि रक्तदान शिविर लगाने वाली संस्थाएं सराहनीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया। शिविर में अंतरराष्ट्रीय शूटर अनिल पाल ने अपनी टीम के उपेंद्र पाल के साथ पहुंचकर रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में नया खून बनता है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। पुष्प, डॉ. अनुराग शाक्य, अविरल कटियार, देवेश, डॉ. जिज्ञासा सिंह आदि ने भी रक्तदान किया। फतेहगढ़ के अंकित माथुर और पंकज कुमार ने पहली बार रक्त दिया।

जय भोलेनाथ कमेटी के सचिव दानिश शर्मा व संजीव शुक्ला ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. अभिनेंद्र कुमार, प्रभारी सीएमएस डॉ. मनोज पांडेय, फैसेलीजिस्ट डॉ. किरीटी कनौजिया, पंकज कटियार, अमित मिश्रा, गिरीश कुमार आदि रहे।

पंकज, अविरल कटियार। संवाद

देवेश कुमार, डॉ. जिज्ञासा सिंह।

मीडिया सेल

फतेहगढ़ पुलिस

जेल भेजे गए हत्या के प्रयास के दो आरोपी

कायमगंज। लूट, अपहरण, हत्या के प्रयास में फरार चल रहे दो आरोपी गांव दमदमा निवासी हुसैन व कलाखेल निवासी सकेब को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने हुसैन के पास से उसके पिता के नाम लाइसेंसी राइफल बरामद कर मुकदमा दर्ज किया है। 20 जुलाई 2022 को हुसैन व उसके साथी ने गांव लालबाग निवासी शानू उर्फ राज को घर से बुलाकर ईंट भट्ठे के पास लाइसेंसी राइफल से गोली मारी थी। साथ ही दो हजार रुपये लूट लिए थे। (संवाद)

मीडिया सेल

फतेहगढ़ पुलिस

वीडियो प्रसारित कर युवती का शारीरिक शोषण करने में आरोपित गिरफ्तार

संवाद सूत्र, शमसाबाद : वीडियो प्रसारित करने धमकी देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के मामले में दर्ज मुकदमे में आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने आरोपित को जेल भेज दिया।

एक गांव निवासी युवती का वीडियो प्रसारित होने के बाद स्वजन ने आरोपित जनसेवा केंद्र संचालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जिसको लेकर शुक्रवार को हिंदू संगठनों ने थाना का घेराव कर हंगामा किया। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर धाराएं बढ़ाने का आश्वासन दिया था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपित को गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई थीं। शनिवार को पुलिस ने आरोपित कस्बा के मोहल्ला मीरा दरवाजा निवासी आमिर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि जो वीडियो प्रसारित हुआ है वह अप्रैल 2022 का है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले की विवेचना कायमगंज कोतवाली अपराध निरीक्षक कर रहे हैं। कायमगंज कोतवाली के अपराध निरीक्षक संतोष अवस्थी ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

मीडिया सेल

फतेहगढ़ पुलिस

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

फर्रुखाबाद। त्योहारों को देखते हुये पुलिस ने शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना क्षेत्र की पुलिस टीम अपने अपने क्षेत्रों में चेकिंग को निकली। संदिग्ध लोगों के वाहन रोककर तलाशी ली गयी। अचानक चले अभियान से खासा हड़कंप देखने को मिला।

मीडिया सेल

जयश्रीराम
आयुर्वेदिक शौचालय